संख्या- 8/2015/446/61-2015

प्रेषक,

रमाकान्त पाण्डेय,

विशेष सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,

उ0प्र0 लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 18 जून, 2015

विषय: निर्वाचक नामावली में सुधार-राष्ट्रीय निर्वाचक नामावली परिशोधन एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम (NERPAP) के अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाइजर को पारिश्रमिक दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या-23/1/2015-ईआरएस(एनईआरपीएपी) दिनांक 16 मार्च, 2015 के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में राष्ट्रीय निर्वाचक नामावली परिशोधन एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम (NERPAP) के कार्यों के सम्पादन हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के उक्त संदर्भित दिनांक 16 मार्च, 2015 में प्राप्त निर्देशों/मानक के अनुसार नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बी0एल0ओ0) को रू0 2,500/- एवं सुपरवाइजर को रू0 5,000/- की दर से एकमुश्त पारिश्रमिक भुगतान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। एतद्द्वारा स्वीकृत किया गया पारिश्रमिक बूथ लेवल अधिकारी (बी0एल0ओ0) को वर्तमान में उन्हें भुगतान किये जा रहे वार्षिक मानदेय/पारिश्रमिक के अतिरिक्त होगा।

2- उक्त प्रयोजन पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-41 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक - 2015-निर्वाचन-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना और मुद्रण-03-

http://shasanadesh.up.nic.in

विधान सभा एवं संसद-07-मानदेय की मद से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग की आशासकीय संख्या-ई-12-780/दस-2015 दिनांक 12 जून, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(रमाकान्त पाण्डेय)
विशेष सचिव।

संख्या- 8/2015/446(1)/61-2015 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4- संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।
5- समस्त जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0।
6- समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0।
7- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/2
8- गार्ड फाईल

आज्ञा से,

(रमाकान्त पाण्डेय)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in